# सिकिल सेल रोग

## चर्चा में क्यों?

19 जून, 2022 को विश्व सिकिल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया जबलपुर में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डिजाइनिंग एंड मेन्यूफेक्चरिंग (ट्रिपिल आईटीडीएम) में सिकिल सेल रोग के समग्र प्रबंधन पर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए।

## प्रमुख बिंदु

- इस कार्यशाला का आयोजन आईसीएमआर, राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा किया गया है।
- गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के जनजातीय बहुल 14 ज़िलों में सिकिल सेल एनीमिया की रोकथाम और बचाव के लिये अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य, विवाह और पुनर्वास सहायता आदि पर भी ध्यान दिया जा रहा है।
- सिकिल सेल रोग (एससीडी) रक्त संबंधी आनुवंशिक विकार है, जो भारत के झारखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिमी ओडिशा, पूर्वी गुजरात और उत्तरी तमिलनाडु तथा केरल आदि राज्यों/क्षेत्रों में वितरित कई जनजातीय समूहों में बहुतायत में पाई जाती है।
- उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा सिकिल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग और समय पर प्रबंधन को मज़बूत करने के लिये उन्मुक्त परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sickle-cell-disease-1